RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 126 | SATURDAY DATE 30-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

एमएसपी हर फसल पर, देने को तैयार।
अब के बनवा दें अगर, बीजेपी सरकार।
बीजेपी सरकार, छोड़िए गुस्सा-रोसा।
नये बने अध्यक्ष, दे रहे बड़ा भरोसा।
कह साहिल कविराय, जिता दो अब की हम को।
देंगे पांच हजार, साथ में हर महिला को।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## राहुल गांधी ने सीबीएसई के ओएसएम के लिए कॉन्ट्रैक्ट देने की प्रक्रिया में गड़बड़ियों के आरोप लगाए



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को सीबीएसई की 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग स्कीम' (ओएसएम) के लिए कॉन्ट्रैक्ट देने की प्रक्रिया में गड़बड़ियों के नए आरोप लगाए। उन्होंने इस काम के लिए एडटेक कंपनी को चुनने के फैसले की न्यायिक जांच की मांग की। सोशल मीडिया पर एक न्यूज क्लिप शेयर करते हुए गांधी ने इस मुद्दे को उठाने के लिए भाजपा मंत्रियों द्वारा उन पर किए गए हमलों का जवाब दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने पर सवाल उठाया। इस पोस्ट में, जो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा 12वीं क्लास के सीबीएसई मूल्यांकन सिस्टम में आई गड़बड़ियों की जिम्मेदारी लेने के एक दिन बाद आया, कांग्रेस नेता ने यह इशारा किया कि ओएसएम का कॉन्ट्रैक्ट दिया ही नहीं गया था।

## पाकिस्तान 4 दिनों में ही युद्धविराम मांगने पर हुआ मजबूर : राजनाथ सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**



'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत ने मात्र चार दिनों के भीतर पाकिस्तान को युद्धविराम की अपील करने पर मजबूर कर दिया। यह जानकारी शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं था, बल्कि भारत की निर्णायक इच्छाशक्ति, आधुनिक सैन्य क्षमता और तीनों सेनाओं के उत्कृष्ट तालमेल का जीवंत उदाहरण था।

उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि भारत द्वारा अब तक लड़े गए युद्धों और अभियानों की तुलना में ऑपरेशन सिंदूर कई मायनों में अलग और अत्यंत प्रभावशाली रहा। दरअसल देश की सैन्य शक्ति, रणनीतिक क्षमता और सैनिकों के अदम्य साहस का प्रतीक बन चुके ऑपरेशन सिंदूर को लेकर शुक्रवार को एक विशेष अवसर देखने को मिला।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस ऐतिहासिक सैन्य अभियान पर आधारित एक स्मारक प्रकाशन का विमोचन किया। नई दिल्ली में आयोजित इस समारोह में भारतीय सेनाओं के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पूरा वातावरण गर्व, सम्मान तथा राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इस दौरान रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के सैन्य इतिहास की एक अभूतपूर्व सफलता बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि शुक्रवार को जारी किया गया स्मारक प्रकाशन केवल घटनाओं का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह उन सैनिकों की भावनाओं, संघर्षों और अनुभवों को भी सामने लाता है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित की।

### संक्षिप्त
### ताजा खबरें

## पीएम सूर्य घर स्कीम: भारत में रूफटॉप सोलर से जुड़े 40 लाख घर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** भारत में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत रूफटॉप सोलर से जुड़े घरों की संख्या 40 लाख हो गई है। यह जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की ओर से शुक्रवार को दी गई। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई यह पहल न केवल देश के आम नागरिकों को बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाकर उन्हें 'आत्मनिर्भर' बना रही है, बल्कि पर्यावरण की रक्षा भी कर रही है।

## सिद्धारमैया ने 30 मई को कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई



**बेंगलुरु, यूटर्न/ 29 मई।** कर्नाटक के कार्यवाहक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद से अपने इस्तीफे के बाद चल रहे राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच शनिवार को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक बुलाई है। सिद्धारमैया के इस्तीफे के बाद कांग्रेस विधायक दल के नए नेता के चुनाव के लिए यह बैठक बुलाई गई है। नव निर्वाचित सीएलपी नेता के मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनने की उम्मीद है। सीएलपी की बैठक शाम 4 बजे विधान सौधा के सम्मेलन कक्ष में शुरू होगी। वर्तमान विधायक दल के नेता के तौर पर सिद्धारमैया बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## पद्म विभूषण तीजन बाई की हालत गंभीर

**रायपुर, यूटर्न/ 29 मई।** पद्म विभूषण से सम्मानित और पंडवानी गायिका तीजन बाई को तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद रायपुर स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं और उन्हें मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट (एमआईसीयू) में रखा गया है।

# रेखा गुप्ता का बड़ा ऐलान

## नीट परीक्षार्थियों के लिए फ्री में डीटीसी बस में सफर



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 21 जून परीक्षा के दिन सभी परीक्षार्थी निशुल्क डीटीसी की बसों में यात्रा कर सकेंगे और अपने-अपने सेंटर पहुंच सकेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए परीक्षार्थियों को केवल अपना वैध नीट एडमिट कार्ड बस कंडक्टर को दिखाना होगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हाल ही में नीट परीक्षा के रद्द होने के कारण अनेक परीक्षार्थियों को दोबारा नीट परीक्षा देनी पड़ रही है। ऐसे में परीक्षार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त मानसिक, समयगत और आर्थिक दबाव पड़ना स्वाभाविक है। दिल्ली सरकार परीक्षार्थियों की इन चुनौतियों को समझते हुए उनके साथ खड़ी है। सरकार का प्रयास है कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को परिवहन संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से 21 जून को सभी नीट परीक्षार्थियों के लिए डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त तनाव के समय पर अपने एग्जाम सेंटर पहुंच सकें और पूरी एकाग्रता एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

## सरकारी दफ्तरों में बुनियादी सुविधाएं देना दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त तथा सम्मानजनक सेवाएं देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है और ताकि किसी भी नागरिक को अपने वैध कार्य के लिए परेशान होना ना होना पड़े। श्रीमती गुप्ता ने शुक्रवार को रोहिणी सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में चल रहे राजस्व विभाग के ई-सब-रजिस्ट्रार कार्यालय 5-ए का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय भवन की स्थिति, नागरिक सुविधाओं, साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन और लोगों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की जर्जर हालत, खराब लाइट व्यवस्था, बंद एयर कंडीशनर, टूटे फर्श, गंदे शौचालय, बैठने की कमी और रखरखाव में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां रोज बड़ी संख्या में लोग अपने जरूरी दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े काम कराने आते हैं, वहां ऐसी अव्यवस्था किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जा सकती।

## गांव, गरीब और दिल्ली देहात विरोधी मानसिकता का प्रतीक है प्रदेश भाजपा का नया नेतृत्व : डॉ. नरेश कुमार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश के नये नेतृत्व को गांव, गरीब, मजदूर, पिछड़े और देहात विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताया है।

डॉ. नरेश ने केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष बनाये जाने पर शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भाजपा लगातार यह साबित कर रही है कि उसका दिल्ली के गांव, गरीब, मजदूर, पिछड़े और देहात से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और महापौर प्रवेश वाही जैसे चेहरे इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा केवल चुनिंदा उच्च वर्गीय लोगों की पार्टी बनकर रह गयी है।

उन्होंने कहा, ' वैसे तो हमारा भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन भाजपा की मानसिकता को जनता के सामने लाना भी जरूरी है।

दिल्ली की जनता को यह समझना होगा कि भाजपा वोट किससे लेती है और सत्ता किसे सौंपती है। भाजपा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गरीब, गांव, किसान, मजदूर और दिल्ली देहात उसके एजेंडे में कहीं नहीं हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कि 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में आई भाजपा से जनता को उम्मीद थी कि गांव, किसान, मजदूर, झुग्गीवासियों और गरीब वर्ग की समस्याओं पर ध्यान देगी, लेकिन भाजपा ने अपने फैसलों से यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता केवल सत्ता और विशेष वर्ग की राजनीति है।

## पानी की किल्लत को लेकर 'आप' ने कोंडली में मटका फोड़ प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** दिल्ली में बढ़ती गर्मी और पानी की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने सरकार के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। शुक्रवार को कोंडली विधानसभा क्षेत्र में आप के कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने विधायक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में मयूर विहार फेस-2 स्थित दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के बाहर जोरदार मटका फोड़ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पानी की समस्या के समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग हाथों में खाली मटके लेकर पहुंचे। लोगों ने नारे लगाकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने जल बोर्ड कार्यालय के बाहर मटके फोड़कर अपना विरोध दर्ज कराया।

## भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब ने जारी किया 10 साल का रोडमैप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**



नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब ने भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को मजबूत बनाने के लिए एक बड़ा रोडमैप जारी किया है। 'फ्यूचर ऑफ इंडिया'स सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री' नामक यह 10 वर्षीय रोडमैप भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में मजबूत स्थिति दिलाने की दिशा में तैयार किया गया है। शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रोडमैप को लॉन्च किया। इस मौके पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी भी मौजूद रहे।

नीति आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फ्रंटियर टेक्नोलॉजी में नेतृत्व कुछ वर्षों में हासिल नहीं होता, बल्कि इसके लिए लंबी अवधि की योजना, लगातार क्षमता निर्माण और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समय से पहले निवेश करना जरूरी होता है। यही दिशा यह रोडमैप तय करता है। पोस्ट में आगे कहा गया है कि रोडमैप में भारत के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत 2035 तक देश में 120 से 150 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम तैयार करने की योजना है।

## निपुण भारत मिशन को मिलेगी नई गति, यूपी सरकार जिला समन्वयकों को देगी विशेष ट्रेनिंग

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार अब निपुण भारत मिशन और गुणवत्ता शिक्षा अभियान को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसी क्रम में राज्य स्तर पर कार्यरत जिला समन्वयक (निपुण भारत मिशन) एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) के लिए 1 और 2 जून को राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# पार्टी को संभालने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व : कमलजीत

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।

भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व अपनी पार्टी को संभालने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। कमलजीत सहरावत ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी साफ तौर पर दिख रही है। जहां भी उनकी सरकार बनती है, वहां उनकी पार्टी में आंतरिक कलह से जनता के हितों का नुकसान होता है। राहुल गांधी भी इस अस्थिरता को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाते हैं। कर्नाटक की जनता ने विकास के नाम पर कांग्रेस को वोट दिया था, लेकिन पार्टी की गुटबाजी ने उस विश्वास को धूमिल कर दिया है।' उन्होंने आगे कहा, 'सिद्दारमैया के बयान से साफ है कि उन्हें उच्च कमान का निर्देश मानना पड़ा। यह कर्नाटक की जनता के साथ बड़ा विश्वासघात है। अंदरूनी गुटबाजी के कारण जनहित पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। हालांकि, यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है,



लेकिन जनता इसका मूल्यांकन जरूर करेगी।' कर्नाटक घटनाक्रम पर भाजपा सांसद ने कहा कि विपक्षी दलों की गुटबाजी न केवल अपनी पार्टी को कमजोर कर रही है, बल्कि जहां-जहां उसकी सरकार है, वहां विकास कार्यों को भी प्रभावित कर रही है। जनता इसका जवाब देने के लिए तैयार है, कई राज्यों में दे चुकी है और बाकी बचे राज्यों में जल्द ही देखने को मिल सकता है। ये लोग जनता के हित में नहीं सोचते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हर्ष मल्होत्रा एक मेहनती, सक्षम और समर्पित नेता हैं, जो पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, 'हमारे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी। दिल्ली में 7 सांसद, नगर निगम और जनता का आशीर्वाद है। अब हर्ष मल्होत्रा प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। वे सांसद भी हैं और पहले महामंत्री के रूप में संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वे जमीनी स्तर से उठकर आए नेता हैं, जो कार्यकर्ताओं और दिल्लीवासियों की भावनाओं को अच्छी तरह समझते हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी तथा लगातार आगे बढ़ती रहेगी।'

## दिल्ली के मुखर्जी नगर में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई, पांच बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** राष्ट्रीय राजधानी की मुखर्जी नगर पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के वीजा की वैधता समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद, वे लंबे समय से दिल्ली में छिपकर रह रहे थे।

मुखर्जी नगर पुलिस स्टेशन की टीम ने स्थानीय लोगों की सूचना पर दो संदिग्धों को बांग्ला भाषा बोलते हुए देखा। इंस्पेक्टर राजीव शाह (एसएचओ मुखर्जी नगर) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों इंदिरा विकास कॉलोनी में तीन अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। पांचों आरोपियों की पहचान रहमत उल्लाह (23 वर्ष), मोहम्मद अशरफुल (23 वर्ष), सलमान भुइयां (25 वर्ष), मो. राशेल (37 वर्ष) और मो. रहीम मिया (33 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी ब्राह्मणबारिया के निवासी हैं। वे अलग-अलग तारीखों पर हवाई मार्ग से दिल्ली आए थे और ग्रीस में नौकरी के लिए इंटरव्यू का इंतजार कर रहे थे। दिसंबर 2025 से उनका वीजा समाप्त हो चुका था, लेकिन वे भारत छोड़कर नहीं गए। जांच में पता चला कि वीजा समाप्त होने के बाद ये सभी पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन निवासी गणपति विश्वास की मदद से मुखर्जी नगर के इंदिरा विकास कॉलोनी में शिफ्ट हो गए थे। पुलिस अब गणपति विश्वास को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है। एसीपी सुरेश चंदर के समग्र पर्यवेक्षण में हेडकांस्टेबल पुनीत, पंकज, विनीत, कांस्टेबल विवेक और किशोर पाशी की टीम ने यह सफलता हासिल की। पांचों बांग्लादेशी नागरिकों को एफआरआरओ (विदेशियों का क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय) के सामने पेश किया गया। सभी के खिलाफ विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्हें डिपोर्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। उत्तर-पश्चिम जिला की उप पुलिस आयुक्त आकांक्षा यादव (आईपीएस) ने कहा कि दिल्ली पुलिस अवैध प्रवासियों और वीजा ओवरस्टे के मामलों पर सख्त नजर रखे हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी टेंडर का झांसा देकर 45.75 लाख ठगे

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 मई।** नीतिखंड एक निवासी कारोबारी हर प्रकाश सक्सेना को पहले गुजरात फिर दिल्ली में सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर चार लोगों ने 45.75 लाख हड़प लिए। उनको न तो टेंडर मिला और न ही रकम वापस हो सकी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। मामला वर्ष 2024 से चला आ रहा है। अब पीड़ित ने अंकित उर्फ रमेश, उमा रमन साहनी, विजय कुमार और रंजीत सिंह आदि पर बुधवार रात को प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामले में पीड़ित ने बताया कि लिंकरोड थानाक्षेत्र के चंद्रनगर में उनका कार्यालय है। परिचित विजय कुमार के जरिए वह वर्ष 2024 में अंकित उर्फ रमेश कसाना व उमा रमन साहनी से मिले थे। दोनों ने खुद को सरकार में ऊंची पहुंच वाला बताया और स्कूलों में बैग आपूर्ति का टेंडर, विभागों व कंपनियों में मानव संसाधन उपलब्ध कराने का टेंडर दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों के झांसे आकर उन्होंने रकम दे दी।

### दिल्ली हाई कोर्ट में सदानंद मास्टर के राज्यसभा नामांकन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सी. सदानंद मास्टर के राज्यसभा में नामांकन को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा कि याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है और इसमें उठाए गए तर्क कानून की कसौटी पर टिकते नहीं हैं। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई राहत किसी भी तरह से स्वीकार नहीं की जा सकती, इसलिए इस पीआईएल को समाप्त किया जाता है। यह जनहित याचिका पेशे से वकील सुभाष थीक्काडन ने दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि राज्यसभा के लिए मनोनीत किए गए सी. सदानंद मास्टर के पास संविधान में निर्धारित मानकों के अनुसार आवश्यक विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव नहीं है। याचिकाकर्ता का कहना था कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता, जिससे यह साबित हो सके कि उनके पास साहित्य, विज्ञान, कला या समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की विशेष विशेषज्ञता या उल्लेखनीय योगदान है। यह भी तर्क दिया गया था कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(3) के तहत राज्यसभा में मनोनीत होने वाले व्यक्ति को इन क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देना चाहिए, लेकिन याचिकाकर्ता के अनुसार सी. सदानंद मास्टर के मामले में इस तरह का कोई स्पष्ट आधार सामने नहीं आता।

## ग्रेटर नोएडा में चोरी गिरोह का पदार्फाश, 50 लाख के जेवर और नकदी बरामद

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 29 मई।

गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना सूरजपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही से लगभग 50 लाख रुपये कीमत के चोरी किए गए आभूषण, 1 लाख 65 हजार रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त एक ऑटो और तीन अवैध चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को थाना सूरजपुर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और



इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से कार्रवाई करते हुए प्रदीप यादव उर्फ फौजी, शिव कुमार उर्फ चूंचा, वीरेश उर्फ वीरा और सूरज उर्फ बंटा को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी अलग-अलग जनपदों के निवासी हैं और वर्तमान में गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में रह रहे थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी ऑटो में बैठकर दिल्ली और एनसीआर के नोएडा क्षेत्र की विभिन्न सोसायटियों और सेक्टरों में बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। इसके बाद मौका मिलते ही घरों के ताले और ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश कर लाखों रुपये के जेवर और नगदी चोरी कर फरार हो जाते थे। गिरोह के सदस्य चार से पांच लोगों के समूह में काम करते थे, जिनमें से एक या दो सदस्य बाहर रहकर निगरानी करते थे जबकि बाकी सदस्य चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया।

आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 21 मई को ओमीक्रोन-3 स्थित एक बंद मकान में खिड़की तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण और 3.70 लाख रुपये नगद चोरी किए थे। इसके अलावा 24 मई को डेल्टा-1 क्षेत्र में दो अलग-अलग बंद मकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इन मामलों में थाना सूरजपुर में पहले से मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस द्वारा बरामद सामान में सोने-चांदी की चैन, हार, कंगन, अंगूठियां, पायल, बिछुए, मंगलसूत्र, झुमके, टॉप्स, सिक्के और अन्य कीमती आभूषण शामिल हैं। साथ ही एक ऑटो नंबर भी बरामद किया गया है जिसका इस्तेमाल वारदातों में किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार सभी आरोपी पहले से कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। इन पर चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## बढ़ते तापमान से पशु पालक पशुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर रहे सजग: उपायुक्त

### हीट वेव से पशुधन पर बड़ा संकट, दूध उत्पादन में 30 प्रतिशत तक कमी

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यु-टर्न 29 मई। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान ने अब पशुधन पर भी गंभीर प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। जिले में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से पशुओं में हीट स्ट्रेस तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण दूध उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत तक कमी दर्ज की जा रही है। इसके अलावा पशुओं की खान-पान क्षमता, वजन और प्रजनन क्षमता पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि वर्तमान हीट वेव की स्थिति केवल इंसानों के लिए ही नहीं बल्कि पशुधन के लिए भी बेहद चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि पशुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि गर्मी के कारण पशु अधिक हांफने लगते हैं और तनाव की स्थिति में चले जाते हैं, जिससे उनकी उत्पादकता सीधे प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते उचित देखभाल नहीं की गई तो





पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

उन्होंने पशुपालकों को सलाह दी कि पशुओं को हमेशा छायादार और हवादार स्थान पर रखा जाए तथा हर समय स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उच्च गुणवत्ता वाला हरा चारा एवं खनिज लवण नियमित रूप से खिलाए जाएं। दिन के सबसे अधिक गर्म समय में पशुओं को नहलाने और आवश्यक होने पर तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करने की भी सलाह दी गई है।

डॉक्टर अशोक लोहान ने कहा कि पशुपालन विभाग पूरी तरह सतर्क है और जरूरत पडने पर पशुपालकों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन किसानों की आर्थिक रीढ़ है और इसकी सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है।

## आदर्श नगर आगजनी मामले में नाबालिग गिरफ्तार, सोशल मीडिया पर हथियार दिखाने और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिले में स्पेशल स्टाफ/एनडब्ल्यूडी की टीम ने एक वांछित सीसीएल (कानून का उल्लंघन करने वाला बच्चा) को गिरफ्तार किया है। यह सीसीएल आदर्श नगर थाना क्षेत्र में दर्ज आगजनी के एक मामले में वांछित था और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय था और वह आपराधिक गतिविधियों का महिमामंडन करने के साथ-साथ हथियारों का प्रदर्शन भी करता था। दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिले में स्पेशल स्टाफ/एनडब्ल्यूडी की टीम ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। यह नाबालिग आदर्श नगर थाना क्षेत्र में दर्ज आगजनी के एक मामले में वांछित था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बच रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय था और वह आपराधिक गतिविधियों का महिमामंडन करने के साथ-साथ हथियारों का प्रदर्शन भी करता था। जानकारी के मुताबिक, यह मामला तब सामने आया जब पुलिस टीम इलाके में आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियमित निगरानी कर रही थी। इसी दौरान तकनीकी जांच और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए एक संदिग्ध अकाउंट की गतिविधियां सामने आईं। यह अकाउंट 'क्राइम' नाम से संचालित किया जा रहा था और इसका यूजरनेम 'किंग ऑफ आजादपुर' बताया गया है। इस अकाउंट पर लगातार ऐसे वीडियो और पोस्ट डाले जा रहे थे, जिनमें हथियारों का प्रदर्शन किया जाता था और अपराध से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता था।

## खाते से निकले 2.78 लाख, ई-कॉमर्स कंपनी व बैंक कर्मियों पर आरोप

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 मई।** गौर वलेरिया सोसायटी निवासी अर्पण धवन ने साइबर ठगी के आरोप में एक नामी ई-कॉमर्स कंपनी और निजी बैंक के कर्मचारियों पर आरोप लगाया है। कर्मचारियों की लापरवाही और चूक से उनके 2.78 लाख रुपये निकल गए। ठगी 30 और 31 जनवरी को हुई। पुलिस ने चार माह बाद 27 मई की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में अर्पण धवल ने बताया कि जनवरी माह में उनका मोबाइल साइबर ठगों ने हैक कर लिया। मोबाइल में ई-कॉमर्स कंपनी का शॉपिंग एप भी चल रहा था। ठगों ने उनके बैंक खाते से 2,77,978 रुपये के गेमिंग क्रेडिट खरीद लिए। इसके लिए ठगों ने उनके खाते से चार बार भुगतान किया, लेकिन पहला भुगतान 96,678 रुपये का असफल हो गया। इसके बाद ठगों ने तीन बार में करीब 2.78 रुपये निकाल लिए। ठगी के दौरान उनका बेटा अस्पताल में भर्ती था और वह तीमारदारी में व्यस्थ थे। 7 फरवरी को बैंक खाते से रकम कटने की उनको जानकारी हुई तो बैंक और ई-कॉमर्स कंपनी व साइबर सेल को इसकी शिकायत की। आरोप है कि ई-कॉमर्स कंपनी ने खाते में धोखाधड़ी की गतिविधियां होने की बात स्वीकार की और कहा कि बैंक सुरक्षित सेवाएं प्रदान नहीं कर सका। इस वजह से उन्हें वित्तीय हानि उठानी पड़ी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में kStress Managementl कार्यशाला का आयोजन

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 29 मई। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी में शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला kStress Managementl का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध प्रशिक्षक शालू कटारिया द्वारा किया गया।

कार्यशाला में शालू कटारिया ने शिक्षकों को तनाव के कारण, उसके प्रभाव तथा उससे बचने के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई के दबाव के कारण बच्चों में तनाव की समस्या बढ़ रही है, इसलिए मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने सरल गतिविधियों, प्रेरणादायक उदाहरणों, समूह चचाओं और मनोरंजक अभ्यासों के माध्यम से teachers को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और समय प्रबंधन वातावरण के महत्व को समझाया। Teachers ने भी पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और कार्यशाला का भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम के दौरान कटारिया ने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं बच्चों को जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

विद्यालय निदेशक डॉ. सतीश भारती ने अपने संदेश में कहा कि आज



के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों पर पढ़ाई, परीक्षा और भविष्य को लेकर मानसिक दबाव लगातार बढ़ रहा है।ऐसे समय में केवल शैक्षणिक सफलता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों का मानसिक रूप से स्वस्थ और आत्मविश्वासी भी उतना ही आवश्यक है।उन्होंने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता है और इसी उद्देश्य से kStress Managementl जैसी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। डॉ सतीश भारती ने कहा कि एक सकारात्मक और तनावमुक्त वातावरण ही बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की क्षमता को बढ़ाता है। तब उनकी एकाग्रता, अनुशासन और प्रदर्शन में स्वतः सुधार आता है। डॉ सतीश भारती ने शिक्षकों से भी बच्चों की भावनाओं को समझने, उन्हें प्रोत्साहित करने और मित्रवत वातावरण देने का आ'ान किया। उन्होंने शालू कटारिया द्वारा दिए गए प्रेरणादायक मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम Teachers को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवनेश्वर भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व, व्यवहार और मानसिक संतुलन का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को तनावमुक्त और सकारात्मक वातावरण देना विद्यालय एवं अभिभावकों दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य ने बताया कि कार्यशाला के दौरान Teachers ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक सोच से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण बातें सीखीं।



## सीटू राज्य कमेटी के आ'ान पर मजदूरों का धरना प्रदर्शन जारी, पंचायत मंत्री के आवास का घेराव

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 29 मई। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू राज्य कमेटी के आहवान पर पानीपत जिला में लघु सचिवालय पानीपत के सामने पिछले 15 दिनों से राज्य में हड़ताल के दौरान विरोध प्रदर्शन व धरना आज भी जारी रहा। मजदूर यूनियन ने ऐलान किया है कि वे पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पवार के आवास स्थान मतलोडा का घेराव करेंगे।

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुल्तान सिंह ने की संचालन अशोक कुमार दुग्गल ने किया धरने को सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, सीटू जिला सह संयोजक जय भगवान, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रधान शमशेर सिंह, कोषाध्यक्ष कंवरपाल सिंह, उप प्रधान सरोज देवी ने संबोधित किया।

यूनियन के नेताओं ने सरकार पर लगाए तानाशाही के गंभीर आरोप दलित व जन विरोधी है चरित्र भाजपा और संघ परिवार का, जनता के सामने चेहरा बेनकाब। ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष रखेंगे जारी। 3 जून को पदयात्रा पहुंचेगी कुरुक्षेत्र सीएम सिटी। अगर मांगों को नहीं माना गया तो कुरुक्षेत्र मुख्यमंत्री कार्यालय का करेंगे घेराव।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी आंदोलन की मांगों का समर्थन करते हुए मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव डॉक्टर सुरेंद्र मलिक, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दिलावर सिंह राठी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव राजपाल आदि ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सरकार हाई कोर्ट के फैसले निर्देशानुसार तुरंत पक्का करें। महंगाई को देखते हुए 26000 रुपए न्यूनतम वेतन दिया जाए। बेगार प्रथा खत्म की जाए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रधान की जाए आदि मांगों का समर्थन किया।

## साढ़े 36 साल की उल्लेखनीय सेवाओं के साथ एमबीपी राजकुमार शर्मा हुए सेवानिवृत्त

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 मई। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कुरुक्षेत्र से साढ़े 36 साल की उल्लेखनीय सेवाएं देने के बाद एमबीपी राजकुमार शर्मा सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस एमबीपी राजकुमार शर्मा ने अनेकों प्रदेश व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी और कुरुक्षेत्र जिला के प्रत्येक गांवों तक सरकार की योजना का प्रचार-प्रसार किया। अपनी सेवाओं के दौरान बेहतरीन कार्य करने पर विभिन्न मौकों पर मंत्रियों व जिला प्रशासन द्वारा कई बार सम्मानित भी किया गया।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय कुरुक्षेत्र की तरफ से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीआईपीआरओ



डा. नरेंद्र सिंह, एआईपीआर केदारनाथ व बलराम शर्मा, सुपरिंटेंडेंट हाकम सैनी, लेखाकार पंकज धीमान, आईसीए मीना, ने एमबीपी राजकुमार शर्मा व उनकी पत्नी बिमला शर्मा को परम्परा अनुसार स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि एमबीपी राजकुमार शर्मा ने विभाग में 36 साल 6 महीने की सेवाएं दी है। इस समय अवधि के दौरान उन्होंने जिला कुरुक्षेत्र में अपनी सेवाएं दी और सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। मेंबर भजन पार्टी राजकुमार शर्मा ने अपनी सीट पर सराहनीय कार्य किया है और पूरी मेहनत, इमानदारी और लगन के साथ अपनी ड्यूटी को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि एमबीपी राजकुमार शर्मा ने कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारियों का हर कार्य में हमेशा सहयोग किया।

एमबीपी राजकुमार शर्मा ने कहा कि उन्हें कार्यालय में परिवार जैसा माहौल मिला है। कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बिताए हर लम्हे को हमेशा याद रखूंगा। डीआई विजय कुमार, दिलावर शर्मा, शीश राम सहित भजन पार्टी ने गीत के माध्यम से एमबीपी राजकुमार शर्मा के सभी कार्यों को प्रस्तुत किया।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा 79 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सेवाएं

» रवि जैस्ट

कलायत, यूटर्न/ 29 मई। राजौंद नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। 'स्वस्थ कैथल अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट कलायत विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजौंद के वार्ड नंबर 1 और 2 में पहुंची, जहां लोगों को उनके घर के समीप ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। डॉ. बलविंद्र सिंह ने बताया




कि शिविर के दौरान लोगों के स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। इस शिविर में 65 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं और 14 लोगों के रक्त के टैस्ट किए गए।

सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कैथल के गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं उनके द्वार पर ही उपलब्ध कराई जा रही है।

मोबाइल मेडिकल युनिट में तैनात डॉक्टर की टीम लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक कर रही है। इस अवसर पर सोनू पार्षद, बिजेन्द्र राणा पार्षद, कमल राणा, हल्का कलायत प्रभारी वीरेंद्र सारण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिंदगी छोटी है इसे खूबसूरत बनाएं : आशा चुघ

» हरियाणा, यूटर्न/ 29 मई।

दुखी होते हैं तो जिंदगी हमें बहुत लंबी लगती है लेकिन जब हम खुश होते हैं,तो जिंदगी बहुत छोटी लगती है किसी का जीवन बहुत लंबा होता है और किसी किसी की तो बचपन में ही सांसों की डोर टूट जाती है यह सब कुदरत का खेल है जिसकी जिंदगी जितनी भगवान ने लिख दी है,उसे उतनी ही मिलती है इस दुनिया में कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें जिंदगी का मोह बहुत ज्यादा होता है और वह मरने से डरते हैं, हर एक कदम अपना फूक फूक कर रखते हैं डर-डर कर जीते हैं जिससे की बीमारियां, टेंशन उनके गले पड़ जाती हैं ऐसे लोग ना खुद चैन से जीते हैं और ना दूसरों को जीने देते हैं जहां भी जिस भी व्यक्ति के पास बैठते हैं, मायूसी भरी बातें करते हैं म उम्र में ही अपने आप को बुजुर्ग महसूस करने लगते हैं अपने आप तो सुकून से जीते नहीं साथ में रहने वालों को भी सुकून से नहीं रहने देते हर वक्त मायूसी से भरे रहते हैं वह अपनी जिंदगी के दुख भरे दिनों को याद कर करके रोते रहते हैं' जबकि उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उनकी जिंदगी कितने



दिनों की हैं और जब उनका वक्त आ जाता है, तो वह बिना अपनी जिंदगी को ढंग से जिए ही इस दुनिया से चले जाते हैं उनके अंदर इतना हौसला ही नहीं होता कि वह जो कमाया है ,उसी में अपनी जिंदगी को ढंग से जी ले वह हमेशा आने वाले कल की फिक्र में घुलते रहते हैं और आज को भूल जाते हैं मगर इसी जगह कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो लंबी जिंदगी जीना चाहते हैं अपने आप को तंदुरुस्त रखने का पूरा प्रयास करते हैं और जितना भी उनके पास होता है उसी में सुकून से दो टाइम की रोटी भी खा लेते हैं और कुछ पल अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेते हैं वह जानते हैं, इस जिंदगी का महत्व उन्हें पता होता है कि जिंदगी का कोई भरोसा नहीं फिर भी वह जीने की पूरी कोशिश करते हैं' क्योंकि जिंदगी तो कभी भी किसी को भी धोखा दे सकती हैं कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जो देखने में तो बिल्कुल तंदुरुस्त लगते हैं मगर कब उनका हार्ट फेल हो जाता है या उनका अचानक देहांत हो जाता है और सुनने वाले सब हैरान रह जाते हैं इसी तरह कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो कहते हैं कि जिंदगी चार पल की है इसे जैसे चाहे वैसे जियो उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके जीवन में क्या चल रहा है कौन से उतार-चढ़ाव आ रहे हैं वह हर परिस्थिति में बस समझदारी से काम लेते हैं हर स्थिति में चाहे वह अच्छी हो या बुरी खुश रहने का प्रयास करते हैं हर दुख की घड़ी को बहुत हल्के-फुल्के भाव से लेते हैं और दूसरों को भी यही समझाते हैं और सिखाते हैं कि कोई नहीं जो है जैसा है सब ठीक है' ऐसे लोग दूसरों के लिए एक प्रेरणा होते हैं वह हर हाल में हंसते मुस्कुराते रहते हैं गाते गुनगुनाते रहते हैं ....

## हरियाणा की सभी आई टी आई में दाखिला लेने के लिए आवेदन प्रकिया 2 जून से आरंभ

**हरियाणा, यूटर्न/ 29 मई।** हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने राज्य की सभी आई टी आई में दाखिला हेतु आवेदन प्रक्रिया आरंभ होने का शेड्यूल जारी कर दिया है। विभाग शेड्यूल अनुसार आई टी आई में दाखिला लेने वाले आवेदनकर्ता अपना ऑनलाइन आवेदन 2 जून से 15 जून तक कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन https://admissions.itiharyana.gov.in/ पोर्टल पर किया जा सकता है। आवेदनकर्ता उम्मीदवारों के पास अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी एवं परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है। इस दस्तावेजों को आवेदन करते समय अपने साथ रखे व आवेदनकर्ता रजिस्ट्रेशन करते समय अपने स्वयं के मोबाईल नम्बर व ई-मेल आई डी का प्रयोग करे ताकि बाद में दाखिला के समय किसी असुविधा का सामना ना करना पड़े। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला के प्रधानाचार्य श्री नीरज कुमार लीखा जी ने बताया कि दाखिला बारे सभी तरह की संपूर्ण जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

दाखिला हेतु आवेदन के लिए राज्य की सभी आई टी आई में हेल्पडेस्क स्थापित किए गए है। आवेदनकर्ता अपने सभी दस्तावेजों के साथ किसी भी आई टी आई में जाकर आवेदन कर सकता है। आईटीआई में एडमिशन फॉर्म भरने के लिए अलग से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता। इसके अतिरिक्त आवेदन कर्ता अपने स्तर पर या किसी भी कोमन सर्विस सेंटर पर जाकर भी आवेदन कर सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### खिड़की उखाड़कर घर से 27 लाख की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 29 मई।** बंथला गांव स्थित एक एजेंसी संचालक के मकान की खिड़की उखाड़कर घर में घुसे चोरों ने 500 रुपये की विदेशी मुद्रा समेत करीब 27 लाख का माल चोरी ला लिया। चोरों ने खिड़की उखाड़ी फिर सो रहे लोगों के कमरे की कुंडी को बाहर से बंद कर दिया। नींद टूटी तो कमरे की कुंडी लगने से अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद पड़ोसियों को बुलाकर कुंडी खुलवाई। शिकायत पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। बंथला गांव निवासी अश्विनी शर्मा की नोएडा एक एजेंसी है। उसके माध्यम से वह छात्रों को मेडिकल कोर्स में दाखिला दिलाते हैं। परिवार में पिता देवेंद्र शर्मा, मां ओमवती, पत्नी प्रीति, बेटा दिव्यांश और भतीजी वृंदा समेत अन्य लोग रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके बहनोई गौरव शर्मा का दिल्ली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बुधवार को वह बहनोई के पास गए थे। परिवार के सभी सदस्य गर्मी के चलते भूतल पर बने कमरे में एसी चलाकर सो रहे थे। रात करीब दो बजे उनकी मां पानी पीने के लिए उठी तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए कमरे में सो रहे परिजनों को उठाया और फोन पर घटना की जानकारी दी। अश्विनी ने बताया कि पड़ोसियों को फोन करके घर भेजा और कमरे की कुंडी खुलवाई। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर करीब 1.40 हजार रुपये, 300 यूसी डॉलर, 200 उज्बेकिस्तान करेंसी, करीब 15 तोले सोने और चांदी के जेवरात समेत करीब 27 लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि छात्रों को विदेश भेजने के दौरान विदेशी मुद्रा को जरूरत के अनुसार घर में रखा था।

### खाते से निकले 2.78 लाख, प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 मई।** गौर वलेरिया सोसायटी निवासी अर्पण धवन ने साइबर ठगी के आरोप में एक नामी ई-कॉमर्स कंपनी और निजी बैंक के कर्मचारियों पर आरोप लगाया है। कर्मचारियों की लापरवाही और चूक से उनके 2.78 लाख रुपये निकल गए। ठगी 30 और 31 जनवरी को हुई। पुलिस ने चार माह बाद 27 मई की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में अर्पण धवल ने बताया कि जनवरी माह में उनका मोबाइल फोन साइबर ठगों ने हैक कर लिया। ठगों ने उनके बैंक खाते से तीन बार में करीब 2.78 रुपये निकाल लिए। ठगी के दौरान उनका बेटा अस्पताल में भर्ती था और वह तीमारदारी में व्यस्थ थे। 7 फरवरी को बैंक खाते से रकम कटने की उनको जानकारी हुई तो बैंक और ई-कॉमर्स कंपनी व साइबर सेल को इसकी शिकायत की।

## प्रचंड गर्मी: आसमान से बरस रही आग, मगर राहत के नाम पर दिल्ली प्रशासन सुस्त; अब एलजी संधू ने संभाली कमान



» **दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**

दिल्ली में जानलेवा साबित हो रही प्रचंड गर्मी के बीच उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने प्रशासन की सुस्ती को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने राहत कार्यों की समीक्षा के बाद दो-टूक शब्दों में कहा है कि इस भीषण आपदा में दिल्लीवासियों को राहत देने में किसी भी प्रकार की ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है। दिल्ली के उन 5 जिलों में, जहां अब तक कूलिंग जोन शुरू नहीं हो पाए हैं, उन्हें बृहस्पतिवार शाम तक हर हाल में चालू किया जाए।

एलजी ने अधिकारियों को साफ किया है कि पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली में राहत कार्यों की निगरानी स्वयं कर रहे हैं। उन्हें दिल्ली की सारी सरकारी मशीनरी राहत कार्य के लिए सड़कों पर नजर आनी चाहिए। दरअसर, एलजी संधू ने समीक्षा बैठक में पाया कि दिल्ली के मात्र 8 जिलों में ही अबतक कूलिंग जोन खुल पाए हैं, बाकी 5 जिलों में ये अबतक नहीं खुले हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि इन शेष जिलों में भी बृहस्पतिवार को देर शाम तक हर हाल में ये जोन चालू हो जाने चाहिए।

### कूलिंग जोन बन रहे हैं संजीवनी

इस जानलेवा गर्मी के बीच मजदूरों, रिक्शा चालकों और दैनिक वेतन भोगियों के लिए दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा बनाए गए चलते-फिरते राहत केंद्र और कूलिंग जोन संजीवनी साबित हो रहे हैं। एलजी ने कहा है कि प्रशासन का ये कदम न केवल आम जनता को राहत देने वाला है, बल्कि दिल्ली के 13 जिलों में तैनात मोबाइल रिलीफ यूनिट्स और 24 घंटे खुले कूलिंग सेंटर्स ने अब तक लाखों लोगों को गर्मी के थपेड़ों से सुरक्षित बचाने में कामयाबी हासिल की है।

## डीएमई पर बस की टक्कर से स्कूटी सवार के दोनों पैर कुचले



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 मई।**

नोएडा से ड्यूटी कर घर लौट रहे स्कूटी सवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर विजयनगर बाईपास के निकट सवारियों से भरी रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एमएमजी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम करीब आठ बजे नोएडा की ओर से आ रहे स्कूटी सवार को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगते ही स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और घायल के दोनों पैर बस के पहिये से कुचल गए। हादसा होते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एमएमजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत में हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान राहुल निवासी विजयनगर के रूप में हुई है। बताया गया कि बस के पहिये के नीचे आकर घायल के दोनों पैर कुचल गए हैं। एसीपी ने बताया कि रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया गया है और सवारियों को अन्य बसों में सवार कर गंतव्य की ओर रवाना किए गए हैं। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### डीएमई पर खुलेआम दौड़ रहे दोपहिया वाहन

प्रतिबंध के बावजूद सुबह शाम दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं। यातायात पुलिस तैनात होने का दावा किया जाता है और 25 हजार रुपये के जुमार्ने का भी प्रावधान है। इसके बावजूद दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहन रोजाना फरार्टा भरते नजर आते हैं।

## गंदे ड्रम में भरा था पनीर, 10 क्विंटल पनीर कराया नष्ट

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 मई।**



खाद्य सुरक्षा विभाग ने बृहस्पतिवार को 10 क्विंटल खराब पनीर नष्ट कराया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार रात 1:30 बजे कौशांबी पुलिस और खाद्य सुरक्षा टीम ने डाबर चौराहे पर बोलेरो पिकअप पकड़ी। गाड़ी में 10 प्लास्टिक ड्रमों में पनीर भरा था।

जांच में सामने आया कि पनीर गंदे ड्रम और गंदे पानी में रखा था। सही तापमान में न रखने से पनीर खराब होने की स्थिति में था। टीम ने पहले दो नमूने लिए, फिर लगभग तीन लाख रुपये कीमत का 10 क्विंटल पनीर गड्ढे में डलवाकर नष्ट कराया। यह पनीर हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर स्थित मेसर्स इकरार डेयरी, हिम्मतपुर गांव से लाया जा रहा था। सुरेश मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर आइसक्रीम कंपनियों का विशेष निरीक्षण भी किया गया। साहिबाबाद की एक फर्म से संदेह के आधार पर 7 आइसक्रीम के नमूने लिए गए। दिल्ली-मेरठ रोड स्थित फर्म से रबड़ी कुल्फी, बटर स्कॉच फ्लेवर और स्प्रेड ड्राइड डेयरी क्रीम के 3 नमूने लिए गए।

## सरकारी टेंडर दिलाने का झांसा देकर 45 .75 लाख ठगे

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 मई।**




नीतिखंड एक निवासी कारोबारी हर प्रकाश सक्सेना को पहले गुजरात फिर दिल्ली में सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर चार लोगों ने 45.75 लाख हड़प लिए। उनको न तो टेंडर मिला और न ही रकम वापस हो सकी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। मामला वर्ष 2024 से चला आ रहा है। अब पीड़ित ने अंकित उर्फ रमेश, उमा रमन साहनी, विजय कुमार और रंजीत सिंह आदि पर बुधवार रात को प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज मामले में कारोबारी हर प्रकाश सक्सेना ने बताया कि लिंकरोड थानाक्षेत्र के चंद्रनगर में उनका कार्यालय है। परिचित विजय कुमार के जरिए वह वर्ष 2024 में अंकित उर्फ रमेश कसाना व उमा रमन साहनी से मिले थे। दोनों ने खुद को सरकार में ऊंची पहुंच वाला बताया और स्कूलों में बैग आपूर्ति का टेंडर, विभागों व कंपनियों में मानव संसाधन उपलब्ध कराने का टेंडर दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों के झांसे आकर उन्होंने अपने अन्य कारोबारी साथियों को भी शामिल कर लिया। आरोपियों ने उनसे 45.75 लाख रुपये ले लिए और उन्हें गुजरात के सूरत में बुलाया गया। इसके बाद में दिल्ली के विभागों व कंपनियों में टेंडर दिलाने का झांसा दिया।

## टीवी रिपेयरिंग दुकान और स्कूल के बिजली पैनल में धधकी आग

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 मई।**



कौशांबी के भोवापुर स्थित चंचल इलेक्ट्रॉनिक्स एंड साइबर कैफे में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें पड़ोस के मकान की तरफ बढ़ते ही भगदड़ मच गई और 15-20 लोगों ने भागकर जान बचाई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इसके अलावा एक निजी स्कूल के बिजली पैनल में भी देर रात आग लग गई।

भोवापुर निवासी किरन पाल ने बताया कि सीमा डेयरी वाली गली में चार मंजिला इमारत के दो तल किराये पर ले रखे हैं। भूतल पर उनकी एलईडी टीवी मरम्मत की दुकान है और पहली मंजिल पर साइबर कैफे है। बुधवार रात वह दोनों दुकानें बंद करके घर चले आए थे। देर रात पड़ोसियों ने दुकान से धुआं निकलने की सूचना दी। उन्होंने दुकान का शटर उठाया तो आग विकराल हो चुकी थी। लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवा के साथ-साथ आग फैलती चली गई। दुकान में रखीं करीब 10 लाख की एलईडी टीवी और साइबर कैफे में रखे डेस्कटॉप व प्रिंटर आदि जलकर राख हो गए। दमकल की टीम ने आग बुझाई। आग की लपटें पड़ोस के मकान तक पहुंचने लगीं तो वहां से 15-20 लोगों ने भागकर किसी तरह जान बचाई। वहीं, वसुंधरा स्थित आधारशिला स्कूल के बिजली पैनल में आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर तुरंत गौर बिज पार्क आग हादसे के स्थान से ही एक वाटर टेंडर को वहां भेजा गया। आग बुझने के बाद भोवापुर और वसुंधरा से टीमें वापस गौर चौराहा लौटीं व आग बुझाने में मदद की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि किसी भी हादसे में जनहानि नहीं हुई है।

## दिल्ली में रिश्तों की मौत? करोड़ों के घर में अकेली दम तोड़ गईं दो बुजुर्ग महिलाएं

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**



राजधानी की भीड़, चमक और भागती जिंदगी के बीच राजिंदर नगर के एक पुराने घर में दो बुजुर्ग महिलाएं चुपचाप जिंदगी से हार गईं। आसपास करोड़ों के अपार्टमेंट्स खड़े थे, सड़क पर गाड़ियों का शोर था, लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे लेकिन उस घर के भीतर मौत आई और दोनों को लेकर चली गई लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। घर की सफाई करने जब कामवाली पहुंची तो तेज बदबू से अनहोनी का अहसास हुआ। कमरे में 80 वर्षीय सरोज और उनकी भाभी चंद्रकांता मृत मिलीं। बुजुर्ग ननद-भाभी की मौत दो जिंदगियों का अंत नहीं बल्कि महानगरों में बढ़ती उस खामोशी की कहानी है, जहां लोग पास रहकर भी एक-दूसरे से दूर हो गए हैं।

**20 करोड़ का घर और सरकारी पेंशन लेकिन खामोश जिंदगी**

पड़ोसियों ने घर की कीमत करीब 20 करोड़ रुपये बताई है लेकिन इसके भीतर रहने वाली दोनों बुजुर्ग महिलाओं की दुनिया बेहद छोटी और खामोश थी। पड़ोस में रहने वाले 74 वर्षीय श्रीधर बताते हैं, कि सरोज से कभी-कभार दूध लेने जाते वक्त मुलाकात हो जाती थी। वो बहुत कम बोलती थीं।

सरोज अविवाहित थीं और बिजली विभाग से सेवानिवृत्त थीं। उनके भाई भारतीय सेना में थे, जिनकी कोरोना काल में मृत्यु हो गई थी। भाई की पत्नी चंद्रकांता लंबे समय से बीमार थीं और घर से बाहर नहीं निकलती थीं। दोनों की कोई संतान भी नहीं थी।

### परिवार में कोई नहीं बचा, पड़ोसी पता बनकर रह गए

सरोज की छोटी बहन भी थी जो विधवा और तलाकशुदा महिलाओं के लिए संस्था चलाती थीं, लेकिन बीमारी के चलते उनकी भी मौत हो चुकी है। अब घर में सिर्फ दो बुजुर्ग महिलाएं ही बची थीं, एक बीमार, दूसरी देखभाल करने वाली। नजदीक स्थित मदर डेयरी के दुकानदार को याद है कि महीने में एक-दो बार ही उन्हें दूध लेते देखा होगा।

सबसे ज्यादा चुभने वाली बात यह है कि इतने बड़े रिहायशी इलाके में कोई उन्हें हकीकत में नहीं जानता था। सवाल सिर्फ उनकी मौत का नहीं, बल्कि उस समाज का है, जहां इंसान पड़ोसी नहीं, सिर्फ पता बनकर रह गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी, बीमारी, कमजोरी, भूख या लंबे अकेलेपन ने उनकी जान ले ली। इस घटना ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि दिल्ली जैसे शहर में, जहां जमीन की कीमत करोड़ों में है, वहां इंसानी रिश्तों की कीमत क्या बची हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

मध्य दिल्ली के राजिंदर नगर इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक घर के अंदर दो बुजुर्ग महिलाओं के शव संदिग्ध हालात में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान 80 वर्षीय सरोज बाला और उनकी भाभी चंद्र कांता के रूप में हुई है।

# 150सीसी से 200सीसी सेगमेंट में टीवीएस अपाचे बनीं नंबर-1



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** टीवीएस अपाचे ने अप्रैल 2026 में मोटरसाइकिल बाजार के 150सीसी से 200सीसी सेगमेंट में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इस दौरान टीवीएस अपाचे ने कुल 49,390 यूनिट्स बाइक की बिक्री की, जो पिछले साल की समान अवधि (45,633 यूनिट्स) की तुलना में 8.23 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्शाती है। यह आंकड़ा इस सेगमेंट में इसकी मजबूत पकड़ को दर्शाता है। बिक्री की इस दौड़ में बजाज पल्सर दूसरे स्थान पर रही, जिसने 20.78 प्रतिशत की शानदार सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 48,190 यूनिट्स बाइक बेचीं। तीसरे नंबर पर होंडा यूनिकॉर्न ने अपनी जगह बनाई, जिसकी 39,310 यूनिट्स बिकीं और इसने 51.09 प्रतिशत की प्रभावशाली सालाना वृद्धि दर्ज की। यामाहा एफजेड 15,729 यूनिट्स की बिक्री और 16.67 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ चौथे स्थान पर रही। यामाहा आर15 ने पांचवें स्थान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 84.72 प्रतिशत की जबरदस्त सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 9,066 यूनिट्स बाइक बेचीं। इसके बाद यामाहा एक्सएसआर छठे स्थान पर रही, जिसकी 6,914 यूनिट्स बिकीं। सातवें नंबर पर यामाहा एमटी15 रही, जिसने 4.04 प्रतिशत की मामूली सालाना गिरावट के साथ 6,741 यूनिट्स बेचीं। होंडा एसपी160 3,062 यूनिट्स और 13.48 प्रतिशत की सालाना गिरावट के साथ आठवें स्थान पर रही।

# भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम, नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब ने जारी किया 10 साल का रोडमैप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**

नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब ने भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को मजबूत बनाने के लिए एक बड़ा रोडमैप जारी किया है। 'फ्यूचर ऑफ इंडिया'स सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री' नामक यह 10 वर्षीय रोडमैप भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में मजबूत स्थिति दिलाने की दिशा में तैयार किया गया है।

शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रोडमैप को लॉन्च किया। इस मौके पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी भी मौजूद रहे।

नीति आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फ्रंटियर टेक्नोलॉजी में नेतृत्व कुछ वर्षों में हासिल नहीं होता, बल्कि इसके लिए लंबी अवधि की योजना, लगातार क्षमता निर्माण और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समय से पहले निवेश करना जरूरी होता है। यही दिशा यह रोडमैप तय करता है।



पोस्ट में आगे कहा गया है कि रोडमैप में भारत के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत 2035 तक देश में 120 से 150 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम तैयार करने की योजना है। इसमें डिजाइन, एडवांस पैकेजिंग, कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स और अन्य उभरते क्षेत्रों में अवसरों की पहचान की गई है। नीति आयोग का कहना है कि भारत अब केवल शुरूआती इकोसिस्टम तैयार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अब वह इस इकोसिस्टम को और गहरा और मजबूत बनाने के चरण में प्रवेश कर चुका है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि भारत ने सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम तैयार करने में उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से प्रगति की है। हालांकि, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तकनीकी आत्मनिर्भरता बेहद महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा कि भारत के सामने सबसे बड़ा रणनीतिक जोखिम 'ब्लैक-बॉक्स टेक्नोलॉजी' पर बढ़ती आयात निर्भरता है। ऐसे में तकनीकी संप्रभुता की शुरूआत इंफ्रास्ट्रक्चर स्तर से होनी चाहिए, जहां सेमीकंडक्टर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, मोबिलिटी, ऊर्जा, संचार और डिजिटल सेवाओं जैसी महत्वपूर्ण इंडस्ट्री की रीढ़ बनते हैं।

लाहिड़ी ने आगे कहा कि भारत एक साथ पूरी सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता। इसलिए देश को कुछ रणनीतिक क्षेत्रों पर गहराई से काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि रोडमैप इस बात को स्वीकार करता है कि भारत को डिजाइन, एडवांस पैकेजिंग और कंपाउंड सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में अपनी ताकत विकसित करनी होगी, जहां वह वैश्विक वैल्यू चेन में बड़ी छलांग लगा सकता है।

लाहिड़ी ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन, शुरूआती निवेश और अमेरिका, जापान तथा यूरोप के साथ बढ़ती साझेदारी के जरिए मजबूत गति हासिल कर चुका है। अब अगले 10 साल इस गति को स्थायी राष्ट्रीय क्षमता में बदलने के लिए बेहद अहम होंगे।

उन्होंने कहा कि यह रोडमैप केवल रणनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे लागू करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसले सोना-चांदी के दाम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** कमोडिटी मार्केट में शुक्रवार को फिर गिरावट देखने को मिली। एमसीएक्स पर सोना-चांदी गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय 10 ग्राम सोने का भाव 464 रुपए टूटकर 1,56,461 रुपए पर आ गया। वहीं चांदी में 1044 रुपए की गिरावट आई, एक किलोग्राम चांदी 2,68,493 रुपए पर कारोबार करती दिखी। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 156200 रुपए प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 143190 रुपए प्रति 10 ग्राम है। मुंबई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 145090 रुपए प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 156050 रुपए प्रति 10 ग्राम है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 158170 रुपए प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 144990 रुपए प्रति 10 ग्राम है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,100 रुपए गिरकर 1.61 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गईं।

### कोल इंडिया कोयले से गैस बनाने पर 60,000 करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपने कोयले के उपयोग में विविधता लाने और इसे रसायनों व सिंथेटिक ईंधन में बदलने की दिशा में एक बड़ी पहल कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की यह कंपनी कोयले से गैस बनाने की तीन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर 50,000 से 60,000 करोड़ रुपये का विशाल निवेश करने की योजना बना रही है। सीआईएल वर्तमान में ऐसी तीन परियोजनाओं पर काम कर रही है। इनमें सबसे प्रमुख ओडिशा के लखनपुर में स्थित है, जिस पर अकेले लगभग 20,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, स्वदेशी तकनीक पर आधारित होने के कारण इस परियोजना की लागत अधिक है, जबकि विदेशी तकनीकें अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। लखनपुर साइट पर प्रारंभिक कार्य शुरू हो चुका है और ऑर्डर दिए जा चुके हैं। अन्य दो परियोजनाओं के लिए तकनीकी प्रदाताओं के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इनमें से एक महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बीपीसीएल (डब्ल्यूसीएल के सहयोग से) के साथ और तीसरी पश्चिम बंगाल के बर्दवान में गेल के सहयोग से स्थापित होगी। लखनपुर परियोजना अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन करेगी, जबकि अन्य दो सिंथेटिक नैचुरल गैस (एसएनजी) का उत्पादन करेंगी, जो आयातित प्राकृतिक गैस का विकल्प होगी।

# फेरारी ने पेश की इलेक्ट्रिक कार लूस, कमाल की है गति

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**

रोम में फेरारी ने अपनी पहली पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कार लूस को पेश किया है। कंपनी का यह पहला इलेक्ट्रिक प्रोडक्शन मॉडल है, जो एक नए व्हीकल आर्किटेक्चर पर आधारित है। लूस एक विशेष इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर निर्मित है, जिसमें चार स्वतंत्र रूप से नियंत्रित इलेक्ट्रिक मोटरें लगी हैं, जो प्रत्येक पहिए को अलग-अलग शक्ति प्रदान करती हैं। इसमें 800 वी का इलेक्ट्रिकल आर्किटेक्चर और 122केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक है, जिससे यह कुल 1,050 हॉर्सपावर की शक्ति उत्पन्न करती है।



कंपनी का दावा है कि यह सुपरकार मात्र 2.5 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा और सिर्फ 6.8 सेकंड में 0 से 200 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 310 किलोमीटर प्रति घंटा से भी अधिक है, और इसकी अनुमानित रेंज 530 किलोमीटर से ज्यादा है। लूस 350केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है, जो अनुकूल परिस्थितियों में लगभग 20 मिनट में 70 केडब्ल्यूएच बैटरी चार्ज कर सकती है। फेरारी ने इलेक्ट्रिक पावरट्रेन के कंपोनेंट्स पर 8 साल की वारंटी और 7 साल का मेंटेनेंस प्रोग्राम भी घोषित किया है। इसके डिजाइन के लिए फेरारी ने डिजाइन कलेक्टिव लवफ्रॉम के साथ मिलकर काम किया, जिसका नेतृत्व सर जॉनी इव और मार्क न्यूसन ने किया।

बाहरी डिजाइन एक शेल जैसी ग्लासहाउस संरचना पर केंद्रित है, जबकि केबिन में ओएलईडी डिस्प्ले और 21-स्पीकर वाला ऑडियो सिस्टम जैसे आधुनिक डिजिटल इंटरफेस के साथ फिजिकल कंट्रोल भी हैं। तकनीकी रूप से, लूस में एक नई व्हीकल कंट्रोल यूनिट है जो पावरट्रेन और व्हीकल डायनामिक्स सिस्टम को एकीकृत करती है, हर सेकंड 200 बार इनपुट को अपडेट करती है। इसमें टॉर्क वेक्टरिंग, एक्टिव सस्पेंशन, रीजेनरेटिव ब्रेकिंग, इलेक्ट्रिक ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम, फोर-व्हील स्टीयरिंग और पाँच सीटों वाला लेआउट जैसी कई नई सुविधाएँ पहली बार शामिल की गई हैं।

# टाटा टियागो का अपडेटेड मॉडल कल होगा लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**

अपनी एंट्री-लेवल हैचबैक टियागो के अपडेटेड मॉडल को टाटा मोटर्स 28 मई को लॉन्च करने जा रही है। यह टाटा के पोर्टफोलियो की सबसे सस्ती हैचबैक होने के बावजूद, अब यह न केवल स्टाइलिश होगी, बल्कि सेगमेंट में कई शानदार और पहले कभी न देखे गए फीचर्स से भी लैस होगी। कंपनी ने अलग-अलग वीडियो टीजर के माध्यम से इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर का खुलासा भी किया है। कंपनी नई टियागो फेसलिफ्ट को पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक तीनों मॉडल में एक साथ लॉन्च करेगी। इसका मुकाबला मारुति स्विफ्ट, हुंडई ग्रैंड आई10 निओस, रेनो क्विड और सिट्रोन सी3 जैसी गाड़ियों से होगा। टियागो सीएनजी फेसलिफ्ट का बाहरी डिजाइन काफी हद तक पेट्रोल वैरिएंट जैसा ही होगा, जिसमें पीछे की तरफ विशेष आई-सीएनजी बैजिंग का अंतर दिखेगा।

इंटीरियर की बात करें तो, इसमें पिछले मॉडल की तरह ही डुअल सिलेंडर सेटअप का इस्तेमाल किया गया है, जिसे टाटा ने 2023 में पेश किया था और इसने सीएनजी वैरिएंट में बूट स्पेस की कमी की समस्या को काफी हद तक हल कर दिया था। डैशबोर्ड को एक बिल्कुल नया, अधिक आधुनिक और साफ-सुथरा डिजाइन दिया गया है, जिसमें प्रीमियम फैब्रिक फिनिश केबिन के माहौल को और भी शानदार बनाती है। इसके टेक पैकेज को भी अपग्रेड किया गया है, जिसमें अब एक नया फ्लोटिंग टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और एक फ्री-स्टैंडिंग डिजिटल इंस्ट्रूमेंट डिस्प्ले शामिल है।




2026 टियागो सीएनजी में एक नया डिजाइन किया गया सेंटर कंसोल भी दिया गया है, जहाँ पारंपरिक गियर लीवर की जगह अब एक रोटरी ड्राइव सेलेक्टर है। कार में दो-स्पोक वाला स्टीयरिंग व्हील, रोशनी से जगमगाता टाटा लोगो, हल्के रंग की डुअल-टोन थीम वाली अपहोल्स्ट्री और दूसरी रो के लिए एक अलग यूएसबी चार्जिंग पोर्ट भी मौजूद है। इस सेगमेंट में पहली बार मिलने वाले अन्य फीचर्स में पैडल शिफ्टर्स, डुअल वायरलेस चार्जिंग पैड और 360 डिग्री व्यू कैमरा सेटअप सबसे खास हैं। दूसरी रो के लिए रियर एसी वेंट्स भी दिए गए हैं।

# कोलगेट-पामोलिव इंडिया ने बढ़ती इनपुट लागत के चलते टूथपेस्ट की कीमतों को 5 प्रतिशत तक बढ़ाया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मई।**

देश की दिग्गज एफएमसीजी कंपनियों में से एक कोलगेट-पामोलिव इंडिया ने टूथपेस्ट की कीमतों को 5 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि कच्चे माल और पैकेजिंग लागत के बढ़ने के कारण कंपनी ने अपने लोकप्रिय टूथपेस्ट जैसे कोलगेट डेंटल क्रीम और मैक्स फ्रेश की कीमतों में इजाफा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोलगेट डेंटल क्रीम के 200 ग्राम प्लस 100 ग्राम प्लस



टूथब्रश पैक की कीमत में 8 रुपए की वृद्धि की गई है, जिससे इसकी कीमत बढ़कर 208 रुपए हो गई है। वहीं, कोलगेट डेंटल क्रीम के 200 ग्राम पैक की कीमत में 5 रुपए की वृद्धि की गई है, जिससे इसकी कीमत 135 रुपए हो गई है। कोलगेट डेंटल क्रीम के 100 ग्राम पैक की कीमत में 3 रुपए की वृद्धि की है, जिससे इसकी कीमत बढ़कर 73 रुपए हो गई है, साथ ही इसकी मात्रा में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस बीच, कोलगेट मैक्स फ्रेश ब्लू 70 ग्राम प्लस 15 प्रतिशत अतिरिक्त पैक की कीमत में 4 रुपए की वृद्धि हुई है, जिससे इससे कीमत बढ़कर 83 रुपए हो गई है।

हालांकि, टूथपेस्ट निमार्ता के प्रीमियम उत्पादों की कीमतों में अधिक वृद्धि देखी गई है, जिसमें विजिबल व्हाइट पर्पल 200 ग्राम प्लस 20 प्रतिशत अतिरिक्त पैक की कीमत 17 रुपए बढ़कर 395 रुपए हो गई है।

वितरकों ने संकेत दिया कि कम एमआरपी वाले पैकों की कीमतों में तत्काल बदलाव होने की संभावना नहीं है क्योंकि ये श्रेणियां मूल्य-संवेदनशील बनी हुई हैं और मुख्य रूप से आम उपभोक्ताओं को लक्षित करती हैं।

कीमतों में यह ताजा बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब एफएमसीजी कंपनियां कमोडिटीज, पैकेजिंग सामग्री और लॉजिस्टिक्स लागतों में लगातार बढ़ती महंगाई के दबाव से जूझ रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के राजस्व का सबसे बड़ा स्त्रोत टूथपेस्ट ही है, जो इसके कुल राजस्व का लगभग 80 प्रतिशत है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनआईटी पांच में मकान में लगी आग, सामान जला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 मई।** एनआईटी पांच क्षेत्र में बुधवार देर रात करीब दो बजे एक मकान में आग लग गई। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना में कोई झुलसा नहीं। हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। समय रहते परिवार के लोग घर से बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, आग मकान के ग्राउंड फ्लोर के दो कमरों और पहली मंजिल के एक कमरे में फैल गई। आग की लपटें उठती देख स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने तुरंत डायल-112 पर कॉल कर पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर का काफी सामान जलकर राख हो चुका था। एनआईटी दमकल अधिकारी दिनेश ने बताया कि प्राथमिक दृष्टि से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है।

### ट्रांसफॉर्मर की आग से सब्जी विक्रेताओं की सात दुकान जलीं

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 मई।** कनावनी पुस्ता रोड स्थित ट्रांसफॉर्मर में बृहस्पतिवार देर रात अचानक आग लग गई। उसकी लपटों ने आसपास सब्जी विक्रेताओं की दुकानों को चपेट में आने से सात दुकानें जल गईं। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि 28 मई की देर रात करीब 10:30 बजे वैशाली फायर स्टेशन पर ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दो वाटर टेंडर के साथ टीम पहुंची। तेज हवा के चलते आग आसपास सब्जी की दुकानों को चपेट में लिया। दमकल टीम ने तुरंत आग बुझाते हुए 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया।

### एसटीपी शोधित जल का प्रयोग कर पानी बचा रही हैं टेक्सटाइल फैक्ट्रियां

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 मई।** शहर के खांडसा और बहरामपुर इलाके में स्थित गारमेंट उद्योग की कुछ इकाइयों ने जल संरक्षण की दिशा में पहल की है। इकाइयों में रेशों और कपड़ों की डाई करने में काफी पानी की जरूरत होती है। इस कार्य के लिए यहां की औद्योगिक इकाइयों ने भूजल की बजाय बहरामपुर स्थित जीएमडीए के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से शोधित पानी का प्रयोग करना शुरू किया है। इन उद्योग संचालकों ने एसटीपी से अपने इलाके तक शोधित पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाई है।

# विटामिन बी12 की कमी महिलाओं को बना रही कमजोर

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 मई।**




महिलाओं में विटामिन बी12 की कमी तेजी से गंभीर समस्या बनती जा रही है। बीके अस्पताल में आने वाले मरीजों में करीब 70 प्रतिशत तक 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में इसकी कमी देखी जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार यह समस्या महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बना रही है। बीके अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुणा का कहना है कि विटामिन बी12 की कमी से महिलाओं में कई समस्याएं देखी जा रही हैं। इसमें अत्यधिक थकान, कमजोरी, हाथों-पैरों में सुन्नपन, संतुलन बनाने में दिक्कत और याददाश्त कमजोर होने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

बीके अस्पताल में प्रतिदिन करीब 15 महिलाएं इस तरह की समस्या लेकर पहुंचती हैं। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में इसका खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

### सोचने-समझने की क्षमता हो सकती है प्रभावित

डॉ. अरुणा के मुताबिक, बी12 की कमी का असर शरीर के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। कई महिलाओं में डिप्रेशन, एंग्जायटी, चिड़चिड़ापन, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी और ब्रेन फॉग जैसी समस्याएं देखी जा रही हैं। इसके अलावा सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होने और भ्रम की स्थिति भी पैदा हो सकती है। शारीरिक लक्षणों में त्वचा का पीला पड़ना, सांस फूलना, चक्कर आना, हाथों-पैरों में झुनझुनी, मुंह में छाले और जीभ का लाल व चिकना होना शामिल है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग धमाके से फटे 12 एसी फटे



**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 मई।** अभयखंड एक स्थित गौर बिज पार्क की इमारत में 27 मई की आधीरात को लगी भीषण आग की वजह शॉर्ट-सर्किट थी। आग से इमारत में लगे 12 एसी धमाके के साथ फटते रहे। पहली मंजिल पर बने खाद्य विक्रेता आउटलेट के एसी से निकली चिंगारी ने आग शुरू हुई और देखते ही देखते बिल्डिंग के एसी एलिवेशन के रास्ते केबल को चपेट में ले लिया। लपटें गौर बिज पार्क के सर्वर रूम तक पहुंची तो वहां दस्तावेज और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। दमकल कर्मियों ने 12 गाड़ियों के पानी से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

गौर ग्रुप के योजना महाप्रबंधक सुधांशु तिवारी ने बताया कि गौर बिज पार्क इमारत के बेसमेंट में मिष्ठान प्रतिष्ठान है। पहली मंजिल पर नामी खाद्य उत्पाद विक्रेता कंपनी का आउटलेट है। इमारत में गौर ग्रुप का दिल्ली-एनसीआर मुख्य कार्यालय भी संचालित है। बुधवार रात करीब 11:30 बजे खाद्य उत्पाद कंपनी के आउटलेट के एसी से चिंगारी से आग लग गई। एलिवेशन के बीच लकड़ी के ढांचे और बिजली के तारों से आग तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। कंपनी सुरक्षाकर्मियों ने इमारत के उपकरणों से सर्वर रूम में लगी आग को बुझा दिया। इस दौरान कार्यालय के ऑटोमेटिक फायर स्प्रिंक्लर भी स्वतः चालू हो गए तो आग अंदर नहीं फैल पाई। वहीं, 11:55 बजे स्थानीय लोगों ने दमकल के वैशाली फायर स्टेशन पर सूचना दी तो दमकल कर्मियों एक घंटे में आग को बुझाया लिया गया।

### पास के फ्लैट कराए खाली

व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स से सटे गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी के कुछ फ्लैट भी हैं। आग की लपटें फ्लैटों की ओर बढ़ती देख दमकलकर्मियों व पुलिस ने करीब तीन-चार फ्लैट को खाली कराए। फ्लैट संख्या 101 की निवासी ऊषा नवानी ने बताया कि उनके पति बीएसएफ में कमांडेंट थे और दो बेटे हैं। वह इंडोनेशिया में कारोबार करते हैं। फ्लैट में घरेलू सहायक पूनाराम ने आग की सूचना दी। पूनाराम ने बाथरूम में पानी का पाइप लगाकर आग बुझाई। वहीं, उनके ऊपरी मंजिल पर बने फ्लैट के बाहर लगी एसी के आउटडोर और हीट से घर के पर्दे भी जल गए।

### कुछ घंटे पहले लगती आग तो हो सकती थी जनहानि

इमारत में आग हादसा देर रात को हुआ, उस समय ज्यादातर प्रतिष्ठान और आफिस बंद हो चुके थे। यदि आग कुछ घंटे पहले लगी होती तो जनहानि हो सकती थी। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि दमकल टीमें जब मौके पर पहुंची तो आग इमारत के बाहर धधक रही थी। सभी दरवाजे बंद थे और अंदर जाने का रास्ता भी नहीं था। इसकी वजह से दो दरवाजे और शीशा तोड़कर रास्ता बनाया गया।

# लापरवाही और तेज रफ्तार के जुनून से जा रही युवाओं की जान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 मई।** साइबर सिटी में सड़कों पर वाहन चलाते समय थोड़ी से लापरवाही और तेजी लोगों की जान ले रही है। जिले में पिछले पांच वर्षों (2021 से 2025 तक) में सड़क हादसों में करीब 2,300 लोगों की मौत हुई है। यातायात पुलिस के आंकड़ों के अनुसार गुरुग्राम में हर साल औसतन से 470 से 480 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। सड़क हादसों में मरने वालों में दोपहिया पर सवार युवाओं की संख्या अधिक पाई गई है। कुल मौतों में से 93 फीसदी मौतें दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मारने या आमने-सामने की टक्कर लगने की घटनाओं में हुई हैं। पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों पर नजर डाले तो 2021 में 944 हादसों में 377 लोगों की मौत व 845 लोग घायल हुए थे। 2022 में 1040 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 404 लोगों की मौत व 886 लोग घायल हुए। 2023 में 1172 सड़क दुर्घटनाओं में 494 लोगों की मौत व 874 लोग घायल हुए। 2024 में 1019 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 478 लोगों की मौत व 750 लोग घायल हुए। वहीं, 2025 में 1115 सड़क हादसों में 472 लोगों की मौत व 770 लोग घायल हुए थे। इस साल अभी तक 450 से अधिक सड़क हादसों में करीब 220 लोगों की मौत हो चुकी है।

**इन सड़कों पर हो रहे ज्यादातर हादसे**

आंकड़ों के अनुसार 2025 में दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) पर 150 मौतें हुई थी। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड हाईवे पर 31 लोगों की जान गई। केएमपी एक्सप्रेसवे पर 26 मौतें हुईं। द्वारका एक्सप्रेसवे पर 24 मौतें दर्ज की गई। वहीं, गोल्फ कोर्स रोड 10 लोगों की मौत हुई थी। जिले में इन पांच स्थानों पर वर्ष 2025 में सड़क हादसों में हुई मौत का करीब 40 फीसदी रहा।

### ज्ञान खंड-2 में ट्रांसफार्मर का लोड बांटा, दो घंटे रही बिजली गुल

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 मई।** ज्ञान खंड-2 क्षेत्र में बिजनेस प्लान के तहत ट्रांसफार्मर का लोड डिवाइड करने के दौरान करीब दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम के अनुसार ज्ञान खंड-2 प्लॉट नंबर-13 के सामने रखे ट्रांसफार्मर का लोड बांटा गया। इसके चलते ज्ञान खंड-2 के प्लॉट नंबर 1 से 20 तक बिजली सप्लाई दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक बंद रही। सीएस-3 क्षेत्र के 17, 18 और 19 नंबर इलाके की बिजली आपूर्ति भी इसी अवधि में प्रभावित रही। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, इस मामले में ऊर्जा निगम जोन तीन के मुख्य अभियंता बृजेश कुमार ने बताया कि बिजनेस प्लान के तहत मरम्मत कार्य के दौरान शटडाउन लिया गया था।

# बीपीटीपी कॉलोनी में 10 हजार परिवार सौर ऊर्जा योजनाओं से वंचित

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 29 मई।**



ग्रेटर फरीदाबाद स्थित बीपीटीपी कॉलोनी में रहने वाले लोग घर-घर रूफटॉप सोलर लगाने के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाएं से वंचित हैं। कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि लोग सरकार की ऑन-ग्रिड सोलर योजना और सौर ऊर्जा सब्सिडी का फायदा नहीं उठा पा रहे। इसकी मुख्य वजह कॉलोनी की बिजली व्यवस्था है।

सेक्टर - 88 ब्लॉक एफ के आरडब्ल्यूए प्रधान रविंदर चौधरी का कहना है कि बीपीटीपी कॉलोनी में करीब 10 हजार परिवार रहते हैं। यहां रहने वाले लोग केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री की ओर से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और घर-घर रूफटॉप सोलर लगाने की विभिन्न योजनाएं के लाभ से वंचित हैं।

निवासियों के अनुसार, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने पूरी कॉलोनी को एकल बिंदु बिजली कनेक्शन दे रखा है, जिसके बाद कॉलोनी में बिजली वितरण का कार्य बीपीटीपी प्रबंधन की ओर से किया जाता है। ऐसे में प्रत्येक घर का सीधा कनेक्शन दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम से नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं की बिलिंग बीपीटीपी के माध्यम से होती है।

सेक्टर - 89 ब्लॉक जी से सुमेर खत्री, एफ ब्लॉक से कुलदीप और ई ब्लॉक से सुरेंद्र का कहना है कि इसी व्यवस्था के कारण वे सरकार की ऑन-ग्रिड सोलर स्कीम के तहत आवेदन नहीं कर सकते। इतना ही नहीं, बिजली उपभोक्ताओं को न्यूनतम यूनिट दरों और सरकारी सब्सिडी का लाभ भी नहीं मिल पा रहा। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि बीपीटीपी अपनी दरों के अनुसार बिजली बिल जारी करता है और समय पर भुगतान न होने पर बिजली आपूर्ति काट दी जाती है। इससे हमें समस्या हो रही है।

बीपीटीपी कॉलोनी के लोगों को भी अन्य कॉलोनियों की तरह सीधे बिजली कनेक्शन और सौर ऊर्जा योजनाओं का लाभ दिया जाए, ताकि वे भी प्रधानमंत्री की सौर ऊर्जा मुहिम का हिस्सा बन सकें।

रविंदर चौधरी, आरडब्ल्यूए प्रधान, ब्लॉक एफ

कई बार स्थानीय विधायक और मंत्रियों से इस विषय में शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

- सुमेर खत्री, ब्लॉक जी

# आफत में जान: खुद ही करने होंगे आग के इंतजाम

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 मई।** बढ़ती गर्मी के साथ जिले में आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। खासकर बिल्डर फ्लोर में शॉर्ट सर्किट से आग जानलेवा साबित हो रही है। कुछ दिनों में खोड़ा, बृजविहार, इंदिरापुरम और शालीमार गार्डन में बिल्डर फ्लोर में आग हादसे में चार लोगों की जान जा चुकी है। बड़ी बात यह है कि कई जगहों पर आग के साधारण इंतजाम तक नहीं है। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि आग से बचाव के इंतजाम स्वयं करने होंगे। अहम बात यह है कि बिल्डर फ्लोर में आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी है। दमकल उपकरणों की बात तो दूर कई इमारतों में सैकड़ों लोग रहने के बावजूद इमरजेंसी गेट तक नहीं थे और लोग फंस गए। साहिबाबाद क्षेत्र में आग की बढ़ती घटनाएं और नाकाफी इंतजाम के बाद न सिर्फ आरडब्ल्यू बल्कि दमकल विभाग के अधिकारी भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। दोनों की ओर से एडवाइजरी जारी की है और खुद सुरक्षा इंतजाम करने की सलाह दे रहे हैं। ऊर्जा निगम के सेवा निवृत्त अधिकारी दीपक अग्रवाल के बताया कि भीषण गर्मी में लोड बढ़ने से बिजली की वायरिंग पर दबाव बढ़ जाता है। पुराने और कमजोर तार, ओवरलोड मीटर, लोकल उपकरण और बिना सुरक्षा मानकों के बिजली कनेक्शन आग की बड़ी वजह हैं। उन्होंने कहा कि इन सब वजहों के अलावा बिल्डरों ने आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए है।

# आईपीएल में वैभव के निशाने पर अब गेल के दो बड़े रिकार्ड

**मुम्बई, यूटर्न/ 29 मई।** आईपीएल के इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए कई रिकार्ड बनाये हैं। एलीमिनेटर मुकाबले में वैभव ने तूफानी पारी खेलते हुए विस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल का एक सत्र में सबसे अधिक छक्के मारने का रिकार्ड तोड़ा था। वहीं वैभव के निशान पर अब गेल के दो अन्य रिकार्ड हैं जिन्हें वह तोड़ सकते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में वैभव ने केव 29 गेंदों पर 97 रनों की तूफानी पारी थी। अब राजस्थान रॉयल्स क्वालीफायर 2 में आज गुजरात टाइटंस का सामना करेगा।इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल के दो बड़े रिकॉर्ड होंगे, जिन्हें तोड़ने के लिए वह पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। वैभव ने एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने के क्रिस गेल (59 छक्के) के रिकॉर्ड को तोड़ दिय है। वह एक आईपीएल सत्र 600 रन बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए हैं।इसके अलावा, उन्होंने एक ही सत्र में तीन ऐसी पारियां खेली हैं, जिनमें 10 या उससे अधिक छक्के लगाए गए हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।




# अश्विन बोले, हेड को लेकर फैसला करे सनराइजर्स

**चेन्नई, यूटर्न/ 29 मई।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि सनराइजर्स हैदराबाद को अगले सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड को लेकर कोई फैसला करना होगा। अश्विन के अनुसार हेड का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। अश्विन के अनुसार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में जिस प्रकार से हेड लपरवाही से शॉट खेलकर आउट हुए उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। टीम को इस मैच में 243 रनों का बड़ा लक्ष्य हासिल करना था। ऐसे में हेड को जिम्मेदारी से खेलना चाहिये था। इसके अलाव उन्होंने ईशान किशन की भी खराब पारी के लिए आलोचना की है। अश्विन के अनुसार हेड के अलावा सनराइजर्स के अन्य बल्लेबाजों ने भी गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपनी टीम को जीत से दूर कर दिया। उन्होंने कहा कि टीम यह मैच आसानी से जीत सकती थी, खासकर जिस तरह से टीम ने शुरूआती ओवरों में धमाकेदार शुरूआत की थी। अश्विन ने कहा, जब टीम पहले दो ओवर में 32-34 रन और तीन ओवर में लगभग 50 रन बना चुकी थी, तब ईशान किशन का शॉट बिल्कुल गैरजरूरी था। उन्होंने अपना विकेट फेंक दिया। इतने बड़े मैच में ऐसा शॉट खेलने का कोई मतलब नहीं था।



# कोई भी महिला किसी को खुश करने के लिए नहीं जीती: कंगना

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक को लेकर चल रही ट्रोलिंग के बीच मुखर अभिनेत्री कंगना रनौत ने खुलकर ऐश्वर्या का समर्थन किया है। अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कंगना ने ऐश्वर्या की ब्लू कलर के गाउन वाली एक शानदार फोटो पोस्ट की और उन लोगों को कड़ा जवाब दिया, जो ऐश्वर्या के लुक, उनके पहनावे की पसंद और उनकी उम्र को लेकर नकारात्मक टिप्पणियां कर रहे थे। दरअसल, कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, फैशन और स्टाइल किसी भी इंसान की अपनी अभिव्यक्ति होती है। यह व्यक्ति के आंतरिक व्यक्तित्व, उसकी रचनात्मकता और उसके आत्म-विश्वास का प्रतीक होता है। हर व्यक्ति अपने तरीके से जिंदगी को देखता और समझता है, और अपनी पसंद के अनुसार जीता है। कोई भी महिला किसी को खुश करने या किसी और की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए नहीं जीती और न ही कपड़े पहनती है।



# मौनी रॉय ने खूबसूरत तस्वीरें साझा कर फ्रेंच रिवेरा को कहा अलविदा

बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। कान्स में अपने आखिरी दिन मौनी रॉय ने एक बार फिर बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा कर फ्रेंच रिवेरा को अलविदा कहा है। उनके इस नए लुक के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी भी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई मनमोहक तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह फ्रांस के सुरम्य तटों पर, समुद्र के सामने बनी एक बालकनी में खड़ी नजर आ रही हैं, जहाँ से नीले पानी का विहंगम दृश्य दिखाई दे रहा है। उन्होंने वाइट और ब्लू कलर की प्रिंटेड लॉन्ग ड्रेस पहनी है, जिसमें फूलों और पैटर्न का आकर्षक मिश्रण है। इस ड्रेस में वह बेहद खूबसूरत और शांत लग रही थीं, मानो प्रकृति की सुंदरता का ही एक हिस्सा हों। तस्वीरों में वह अलग-अलग अंदाज में पोज देती दिखाई दे रही हैं; कहीं वह हल्की मुस्कान के साथ कैमरे की तरफ देख रही हैं तो कहीं समुद्र की ओर देखते हुए प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले रही हैं।

# शिवा ट्रिलॉजी जैसी फिल्म का हिस्सा बनना मेरा सपना: त्रिधा चौधरी



**बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने कहा कि वह भविष्य में बॉलीवुड के ऊजार्वान अभिनेता रणवीर सिंह के साथ काम करने की प्रबल इच्छुक हैं। त्रिधा ने आगे कहा कि अगर उन्हें शिवा ट्रिलॉजी जैसी किसी पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा, क्योंकि यह उनकी आस्था और अभिनय के प्रति जुनून दोनों को संतुष्ट करेगा। जब त्रिधा से पूछा कि अगर उन्हें भविष्य में किसी बड़े ऐतिहासिक या पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह किस तरह का किरदार निभाना पसंद करेंगी, तो इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा कि वह लेखक अमिश त्रिपाठी की मशहूर किताब शिवा ट्रिलॉजी पर बनने वाली फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगी। यह सीरीज भगवान शिव की गाथा को आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है, जिससे यह कलाकारों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। त्रिधा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, मैंने हाल ही में सुना है कि रणवीर सिंह ने शिवा ट्रिलॉजी के फिल्मी राइट्स खरीद लिए हैं। यह खबर सुनकर मैं काफी उत्साहित हूं, क्योंकि यह प्रोजेक्ट उनके नेतृत्व में और भी भव्य और प्रभावशाली बन सकता है। मैं रणवीर सिंह की बहुत बड़ी फैन हूं और उन्हें एक अभिनेता के तौर पर बेहद पसंद करती हूं।**

**रणवीर जिस तरह अपने हर किरदार में पूरी एनर्जी और शिद्दत डालते हैं, वह मुझे एक कलाकार के तौर पर बेहद प्रेरित करता है। उनके साथ काम करना मेरा एक बड़ा सपना है। उन्होंने आगे कहा, भगवान शिव के प्रति मेरी गहरी आस्था है, और यही वजह है कि शिवा ट्रिलॉजी से मेरा एक भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव भी है। मैंने इस किताब की पूरी सीरीज पढ़ी है और इसकी कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया है, खासकर जिस तरह से मानवीय भावनाओं और पौराणिक कथाओं का मिश्रण किया गया है। अगर मुझे किसी ऐसी पौराणिक फिल्म में अभिनय करने का मौका मिलता है, जिसमें मैं अपने अभिनय के साथ अपनी आस्था को भी जोड़ सकूं, तो वह मेरे करियर का सबसे खास और यादगार अनुभव होगा। त्रिधा ने बातचीत के दौरान अपने अभिनय दर्शन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मेरे लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना या ग्लैमरस किरदार निभाना ज्यादा मायने नहीं रखता। एक कलाकार की असली पहचान उसके अभिनय की गहराई और प्रामाणिकता से होती है। अगर कोई कलाकार स्क्रीन पर सिर्फ अच्छा दिखे लेकिन अपने किरदार को सही तरीके से निभा न पाए, तो दर्शक उससे भावनात्मक रूप से जुड़ नहीं पाते, और ऐसा अभिनय मुझे संतुष्टि नहीं देता।**

**अभिनेत्री ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा, मेरे लिए क्रिटिक्स की तारीफें ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं, क्योंकि वे मेरे अभिनय कौशल का सही मूल्यांकन करती हैं। अगर लोग मेरे अभिनय को पसंद करें और यह महसूस करें कि मैंने किरदार के साथ न्याय किया है, और मैंने उनके दिलों तक कोई भावना पहुंचाई है, तो वही मेरे लिए सबसे बड़ी सफलता है। मैं हमेशा ऐसे रोल चुनना चाहती हूं जिनमें अभिनय करने का भरपूर मौका मिले और मैं दर्शकों तक कोई गहरी भावना या संदेश पहुंचा सकूं। त्रिधा चौधरी की यह महत्वाकांक्षा उन्हें इंडस्ट्री में एक गंभीर और समर्पित अभिनेत्री के रूप में स्थापित करती है। बता दें कि फिल्म इंडस्ट्री में अब कई कलाकार सिर्फ ग्लैमरस और सतही किरदारों तक सीमित नहीं रहना चाहते। वे ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने की इच्छा रखते हैं, जिनमें अभिनय के साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव भी हो, और जो उन्हें एक कलाकार के रूप में खुद को गहराई से तलाशने का अवसर दें।**

## फटाफट खबरें

### फ्लोरिडा लॉन्च पैड पर परीक्षण के दौरान ब्लू ओरिजिन के न्यू ग्लेन रॉकेट में विस्फोट

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 29 मई।** अमेरिका में फ्लोरिडा लॉन्च पैड पर परीक्षण के दौरान ब्लू ओरिजिन के न्यू ग्लेन हेवी-लिफ्ट रॉकेट में विस्फोट हो गया। यह जानकारी लाइव प्रसारण पर दी गयी। फुटेज में रॉकेट के आधार पर एक तेज रोशनी चमकती हुई दिखाई दे रही है, जिसके बाद एक जोरदार धमाका हुआ। ब्लू ओरिजिन ने रॉकेट परीक्षण के दौरान हुई इस 'असामान्य घटना' की पुष्टि की। कंपनी ने कहा, 'आज के हॉटफायर परीक्षण के दौरान हमें एक असामान्य घटना का सामना करना पड़ा। सभी कर्मी सुरक्षित हैं। जैसे ही हमें और जानकारी मिलेगी, हम अपडेट प्रदान करेंगे।

### अब तुर्की की छाती पर भारत का ब्रह्मोस तानेगा साइप्रस

**निकोसिया, यूटर्न/ 29 मई।** वैश्विक रक्षा बाजार में भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की मांग लगातार बढ़ रही है। फिलीपींस, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देशों के बाद अब यूरोपीय देश साइप्रस ने भी भारत से ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी कामिकेज (सुसाइड) ड्रोन खरीदने की इच्छा जताई है। इस संभावित रक्षा सौदे ने भूमध्य सागर में तुर्की की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह रणनीतिक योजना साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स की हालिया भारत यात्रा के दौरान बनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति के बीच हुई बैठक में दोनों देशों ने एक रक्षा सहयोग रोडमैप को मंजूरी दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं ट्रेनिंग, सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन और डिफेंस टेक्नोलॉजी साझा करेंगी। इसके साथ ही साइप्रस ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल, और स्वदेशी सुसाइड ड्रोन नागास्त्र-1 व स्काईस्ट्राइकर खरीदने का प्रस्ताव रखा है। यदि इस रक्षा सौदे पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह पहला मौका होगा जब भूमध्य सागर क्षेत्र में किसी भारतीय हथियार प्रणाली की तैनाती होगी।

### गाजा का 70 प्रतिशत हिस्सा इजरायल के कब्जे में होगा

**तेल अवीव, यूटर्न/ 29 मई।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बड़ा ऐलान करते हुए इजरायली सेना को गाजा पट्टी के 70 प्रतिशत हिस्से पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने का आदेश दे दिया है। नेतन्याहू के इस कदम को अक्टूबर में लागू हुए बेहद संवेदनशील युद्धविराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन माना जा रहा है, जिससे मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंचने की आशंका है।कब्जे वाले वेस्ट बैंक की एक बस्ती में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल इस समय हमास पर दबाव बढ़ा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि युद्धविराम के तहत इजरायली सेना का नियंत्रण घटकर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया था, जो वर्तमान में बढ़कर 60 प्रतिशत हो चुका है। अब उनका स्पष्ट निर्देश इसे बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का है ताकि हमास को चारों तरफ से घेरा जा सके। अक्टूबर 2023 के हमलों के बाद लागू हुए युद्धविराम के पहले चरण में इजरायल और हमास के बीच बंधकों व कैदियों की अदला-बदली हुई थी, जिसके बाद गाजा में संघर्ष थमा था।

## फोटो स्टोरी




रोमानिया में के गलाटी में यूक्रेन सीमा के करीब हुए धमाके के बाद दमकलकर्मी राहत व बचाव का काम करते हुए।

## ईरान के तेल व्यापार पर अमेरिका का बड़ा प्रतिबंध, कई कंपनियां और जहाज निशाने पर

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 मई।** अमेरिका ने ईरान के तेल और पेट्रोकेमिकल व्यापार पर एक बड़ा नया कदम उठाते हुए कई कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये लोग ईरान से जुड़े उत्पादों के लेनदेन को आसान बनाने में मदद कर रहे थे। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि उसने कई कंपनियों पर कार्रवाई की है जो ईरान की 'अवैध तेल अर्थव्यवस्था' से जुड़ी हुई हैं। विभाग के मुताबिक, इन कदमों का मकसद ईरान की उस आमदनी को रोकना है, जिसका इस्तेमाल वह अपनी सैन्य गतिविधियों और 'अस्थिरता फैलाने वाली' गतिविधियों के लिए करता है।

## ईरान ने अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का दावा किया, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ा तनाव

» **तेहरान, यूटर्न/ 29 मई।**



ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में गुरुवार रात एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए। ईरानी मीडिया के मुताबिक एक घुसपैठ करने वाले अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया गया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने एक सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान की एयर डिफेंस प्रणाली ने बुशहर के पास एक अमेरिकी ड्रोन को मिसाइल दागकर रोक दिया। समाचार एजेंसी फार्स ने बताया कि ईरान की सेना ने देश के दक्षिणी इलाकों से कुछ लक्ष्यों पर मिसाइलें दागीं। कुछ स्थानीय सूत्रों ने खाड़ी क्षेत्र में झड़पों की संभावना भी जताई।

समाचार एजेंसी मेहर ने कहा कि ईरानी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास चार जहाजों पर चेतावनी के तौर पर फायरिंग की। बताया गया कि ये जहाज ईरान से बिना समन्वय किए जलमार्ग पार करने की कोशिश कर रहे थे। गुरुवार तड़के ईरानी मीडिया ने बंदर अब्बास शहर के पूर्वी हिस्से में तीन धमाकों की खबर दी। बाद में कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि अमेरिकी सेना ने रातभर ईरान में हमले किए। इन हमलों में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसे वॉशिंगटन ने अमेरिकी सैनिकों और व्यावसायिक जहाजों के लिए खतरा बताया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने गुरुवार सुबह बंदर अब्बास पर अमेरिकी हमलों के जवाब में एक अमेरिकी एयर बेस पर हमला किया।

इस बीच, मंगलवार को ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही वार्ताओं में अपने 24 अरब डॉलर के फ्रीज फंड जारी करने की मांग की थी। तस्नीम की रिपोर्ट के अनुसार, यह मांग युद्ध खत्म करने को लेकर हो रही बातचीत के दौरान उठाई गई। ईरान, अमेरिका और इजरायल ने 40 दिनों की लड़ाई के बाद 8 अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति जताई थी।



पाकिस्तान में अफगान पत्रकार गिरफ्तार, शरणार्थियों पर बढ़ती कार्रवाई पर मानवाधिकार संगठन ने जताई चिंता

**काबुल, यूटर्न/ 29 मई।** पाकिस्तान पुलिस ने अफगान पत्रकार सैयद कासिम हाशमी को एबटाबाद-इस्लामाबाद हाईवे पर गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, अफगानिस्तान स्थित खामा प्रेस ने बताया कि हाशमी को गुरुवार दोपहर करीब 12:19 बजे पाकिस्तान की पुलिस ने एबटाबाद-इस्लामाबाद हाईवे पर गिरफ्तार किया गया। अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी गिरफ्तारी की वजह या उनकी मौजूदा हालत के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। उन्हें कहां रखा गया है, इसकी भी कोई पक्की जानकारी नहीं मिल पाई है। उनके साथी पत्रकार और जानने वाले लोग लगातार जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों की गिरफ्तारी और उन्हें देश से बाहर भेजने की घटनाएं बढ़ी हैं। इनमें पत्रकार भी शामिल हैं। यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा बताई जा रही है। इसको लेकर मानवाधिकार संगठनों ने चिंता जताई है। खामा प्रेस के अनुसार, 20 मई को भी पाकिस्तानी पुलिस ने अफगान पत्रकार परवेज अमीनजादा को इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया था।

## पूर्व पीएम शेख हसीना ने अवामी लीग नेताओं की मौत को बताया सुनियोजित हत्या, जांच की मांग

» **ढाका, यूटर्न/ 29 मई।**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश भर में कई अवामी लीग नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौत पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने मौजूदा बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) सरकार पर आरोप लगाया कि वह उस हिंसा के चक्र को आगे बढ़ा रही है, जिसकी शुरुआत पूर्व अंतरिम सरकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में हुई थी।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति दिखाती है कि देश में कानून के शासन को लेकर गंभीर कमी है और राजनीतिक हिंसा का चिंताजनक पैटर्न लगातार जारी है।

यह बयान उस घटना के बाद आया, जब 78 वर्षीय मोहम्मद दबीरुल इस्लाम की गुरुवार की दोपहर ढाका के स्क्वायर अस्पताल में मौत हो गई। वे एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व अवामी लीग सांसद थे। उनकी खराब स्वास्थ्य के चलते जमानत मिलने के तीन महीने बाद मौत हुई।

जुलाई 2024 के प्रदर्शन के बाद हुए राजनीतिक बदलावों के बाद, उन्हें तीन अक्टूबर 2024 को हिरासत में लिया गया



था। उन पर बालियाडांगी पुलिस स्टेशन में दर्ज एक कथित जबरन वसूली मामले में आरोप था। खराब स्वास्थ्य के कारण उन्हें 19 फरवरी को जमानत मिल गई थी।

शेख हसीना ने मोहम्मद दबीरुल इस्लाम की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि वे भी पूर्व अंतरिम सरकार के कथित अत्याचारों का शिकार बने।

अवामी लीग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में शेख हसीना ने कहा, ''गंभीर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के बाद उनकी हालत बहुत खराब हो गई थी, फिर उन्हें 19 फरवरी को जमानत मिली। हालांकि उनके बेटे, पूर्व सांसद मजहरुल इस्लाम सुजान, अभी भी झूठे मामलों में फंसे हुए हैं। एक ही केस में दो लोगों के लिए अलग-अलग फैसले कई सवाल खड़े करते हैं।'

उन्होंने कहा कि यह कोई प्राकृतिक मौत नहीं थी, बल्कि एक सुनियोजित हत्या थी। इस तरह मुहम्मद यूनुस की सरकार ने हमारे कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को मारा था। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि मौजूदा सरकार भी इसी प्रक्रिया को जारी रख रही है, जो कानून के शासन के प्रति किसी भी जिम्मेदारी को नहीं दिखाती।'

हसीना ने बताया कि यह घटना हाल ही में एक अन्य वरिष्ठ अवामी लीग नेता और पूर्व सांसद रमेश चंद्र सेन की मौत के बाद हुई है। वह ठाकुरगांव-1 क्षेत्र से सांसद थे और सात फरवरी को दिनाजपुर जिला जेल में पुलिस हिरासत के दौरान बीमार पड़ने के बाद उनकी मौत हो गई थी।

उन्होंने कहा कि एक ही जिले के दो महत्वपूर्ण और सम्मानित नेताओं की मौत सवाल उठाती है कि क्या यह सिर्फ संयोग है या किसी योजनाबद्ध घटनाओं की श्रृंखला का हिस्सा है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## भारत आ रहे तेल टैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को किया पार, 3 मई को पहुंचेगा विशाखापत्तनम

» **न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 29 मई।**

भारत के लिए पेट्रोलियम लेकर जा रहा एक तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जानकारी समुद्री यातायात पर नजर रखने वाली कई वेबसाइटों से मिली है। 'निसोस केरोस' नाम का यह जहाज विशाखापत्तनम जा रहा है और इसके 3 जून तक वहां पहुंचने की उम्मीद है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला यह जहाज 21 मई को शारजाह से रवाना हुआ था। शुक्रवार सुबह 6 बजे भारतीय समय के अनुसार इसे भारत के पश्चिमी तट के




पास उत्तरी अरब सागर में देखा गया।

ईरान की समाचार एजेंसी आईआरएनए ने गुरुवार को बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने पिछले 24 घंटों में 23 वाणिज्यिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी, जिनमें तेल टैंकर और कंटेनर जहाज शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि ईरानी सेना के अनुसार, सभी जहाजों की आवाजाही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नौसेना अधिकारियों के साथ औपचारिक समन्वय के बाद हुई। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए जहाजों को कोई शुल्क देना पड़ा या नहीं। ईरान पहले ही कह चुका है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए शुल्क ले सकता है। इसी महीने ईरान ने समुद्री यातायात को नियंत्रित करने के लिए 'पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी' नाम की एजेंसी बनाने की घोषणा की थी।

संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से गुजरने के लिए शुल्क वसूलने को अवैध बताया है। अमेरिका ने ईरान से मांग की है कि वह जलडमरूमध्य में स्वतंत्र आवाजाही बहाल करे।

फरवरी में अमेरिका द्वारा इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर बमबारी करने के बाद ईरान ने इस मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछा दी थीं और जहाजों पर हमले किए थे। होर्मुज जलडमरूमध्य में स्वतंत्र आवाजाही बहाल करना ईरान युद्ध खत्म करने की बातचीत में सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा, 'यह जलडमरूमध्य सभी के लिए खुला रहेगा।'

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Umml Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *